**NEWS CLIPPING: 02.11.2020**

**THE TRIBUNE**

# YMCA EXAM RESULTS OUT

**Faridabad:** : JC Bose University of Science and Technology, YMCA, here announced the results of all final year students of undergraduate and postgraduate programmes which were conducted by the university in online and offline mode in August and September. While giving information, Controller of Examination Dr Rajiv Singh said the university had already declared the results of all students, having no backlog, in even semesters for the year 2020 under the promotion scheme announced by the state government. He said the university had also conducted the supplementary exams in October in offline mode for all those students passing out or passed out in May 2020 examination for their pre-final odd semester reappear. The result of the same has already been declared. The students can download the statement of marks/scorecard through the link provided on the official website www.jcboseust.ac.in. However, the result of final semester students of Echelon Institute of Technology had not been declared due to some technical issues and it will be updated soon.

The Tribune Mon, 02 November 2020
https://epaper.tribune

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 02.11.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# जेसी बोस विविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर विषयों के परिणाम घोषित किए

फरीदाबाद| जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने वर्ष 2020 के सभी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषणा कर दिए हैं। ये परीक्षाएं विश्वविद्यालय ने इस वर्ष अगस्त व सितंबर में ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में आयोजित की गई थीं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह के अनुसार विश्वविद्यालय ने राज्य सरकार की ओर से घोषित प्रोन्नत योजना के तहत वर्ष 2020 के ऐसे सभी विद्यार्थियों के परिणाम घोषित कर दिए हैं, जिनका पिछला कोई बैकलॉग नहीं है। उन्होंने बताया विश्वविद्यालय ने मई 2020 की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के लिए अनुपूरक परीक्षाएं अक्टूबर 2020 में ऑफलाइन मोड आयोजित की थीं।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 02.11.2020**

**THE PIONEER**

# सहायक कुलसचिव को दी विदाई

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा एक समारोह का आयोजन कर सहायक कुलसचिव राजपाल सिंह को सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई दी गई। राजपाल सिंह विश्वविद्यालय की अकादमिक शाखा में सहायक कुलसचिव के पद पर कार्यरत थे। राजपाल सिंह ने 1 दिसंबर, 1983 को वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग जोकि अब विश्वविद्यालय है, ज्वाइन किया था और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में 37 वर्षों तक निरंतर सेवाएं प्रदान की, जिनमें अकाउंट, प्रचेज और अकादमिक शाखा प्रमुख हैं। विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में उन्हें गर्मजोशी से विदाई दी गई, जिसमें कुलपति प्रो दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ एस के गर्ग, विश्वविद्यालय के संकाय और स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। सभी ने राजपाल सिंह को सेवानिवृत्ति उपरांत उनके स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कामना की।

**NEWS CLIPPING: 02.11.2020**

**HINDUSTAN**

# सहायक कुलसचिव को सेवानिवृत्ति पर विदाई

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में कर्मचारी कल्याण संघ की ओर से रविवार को एक समारोह हुआ। इसमें विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव राजपाल सिंह को सेवानिवृत्ति के मौके पर विदाई दी गई। राजपाल सिंह विश्वविद्यालय की अकादमिक शाखा में सहायक कुलसचिव के पद पर कार्यरत थे।

**NEWS CLIPPING: 02.11.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# सेवानिवृत्ति पर सहायक कुलसचिव को दी विदाई

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के कर्मचारी कल्याण संघ की तरफ से एक समारोह का आयोजन कर सहायक कुलसचिव राजपाल सिंह को सेवानिवृत्ति के बाद विदाई दी गई। राजपाल सिंह विश्वविद्यालय की अकादमिक शाखा में सहायक कुलसचिव के पद पर कार्यरत थे। राजपाल सिंह ने 1 दिसंबर 1983 को वाईएमसीए इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग जो कि अब विश्वविद्यालय है, जॉइन किया था और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में 37 वर्षों तक निरंतर सेवाएं प्रदान कीं। इनमें अकाउंट, प्रचेज और अकादमिक शाखा प्रमुख हैं। इस दौरान कुलपति प्रो दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, विश्वविद्यालय के संकाय और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 02.11.2020**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विवि ने जारी किए परीक्षा परिणाम

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) ने सभी स्नातक और स्नातकोत्तर (यूजी-पीजी) के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। अगस्त से सितंबर माह में विवि ने ऑनलाइन-ऑफलाइन मोड में परीक्षा आयोजित कराई थी। जेसी बोस ने विवि स्तर पर सबसे पहले परीक्षा परिणाम जारी किए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि विवि प्रोन्नत योजना के तहत वर्ष 2020 के ऐसे सभी विद्यार्थियों के परिणाम घोषित जिनका पिछला कोई बैकलॉग नहीं है। उन्होंने बताया कि मई माह की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के लिए अनुपूरक परीक्षाएं अक्तूबर में ऑफलाइन तरीके से कराई गई थी। परीक्षा परिणाम ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध करवाया गया है। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम के माध्यम से लिंक पर देख सकते हैं। ब्यूरो

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 02.11.2020**

**DAINIK JAGRAN**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने परिणाम किए घोषित

जासं, फरीदाबाद: जेसी बोस (वाईएमसीए) स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के परिणामों की घोषणा की है। विश्वविद्यालय द्वारा अगस्त और सितंबर में आनलाइन व आफलाइन माध्यम से कराई गई थी।

जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डा. राजीव सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने राज्य सरकार द्वारा घोषित प्रोन्नत योजना के तहत वर्ष 2020 के ऐसे सभी विद्यार्थियों के परिणाम घोषित कर दिए हैं, जिनका पिछला कोई बैकलाग नहीं है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा मई की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के लिए अनुपूरक परीक्षाएं अक्टूबर में आफलाइन मोड आयोजित की थी। इन अनुपूरक परीक्षाओं का परिणाम भी घोषित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम आनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध करवा दिया गया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से अपने परिणाम देख सकते है अथवा अंक सूची डाउनलोड कर सकते हैं।